कार्यालय जनपद न्यायाधीश इटावा

दिनांक- **01.07.2026**

नीलामी हेतु पुनःविज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दस न्यायालय कक्ष भवन परिसर में स्थित **1.**पान का खोखा **2.** लाई चना स्टॉल **3.** अस्थायी फोटो स्टेट की दुकान **4.** साइकिल/ दो पहिया वाहन स्टैण्ड **5.** हलवाई की दुकान की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 (जुलाई 2026 से मार्च 2027) के लिये दस न्यायालय, कक्ष भवन के सभागार में दिनांक **06.07.2026** को अपराह्न 04:30 बजे की जायेगी। जिस व्यक्ति को उपरोक्त ठेका नीलामी में भाग लेना हो वह उक्त दिनांक, समय व स्थान पर माननीय जिला जज, इटावा द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन बोली बोलने हेतु उपस्थित हों। लाई-चना की स्टॉल एवं पान का खोखा हेतु रूपये 2000/- की सुरक्षा धनराशि तथा फोटो स्टेट की दुकान, साइकिल/ दो पहिया वाहन स्टैण्ड एवं हलवाई की दुकान के लिये रूपये 10,000/- की सुरक्षा धनराशि नकद जमा करानी होगी। समस्त बोली दाताओं को बोली बोलने से पूर्व दिनांक **06.07.2026** को दोपहर 02:00 बजे तक जमानत के रूप में अग्रिम धनराशि जमा करना होगा, जो बोली समाप्ति पर नियमानुसार वापस की जायेगी। ठेके में अधिकतम बोलीदाता को नीलामी के पश्चात तुरन्त बोली की सम्पूर्ण धनराशि का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। नीलामी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार माननीय जिला जज, इटावा को सुरक्षित रहेगा। ठेका जुलाई 2026 से मार्च 2027 तक के लिये दिया जायेगा। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को एक नीलामी फार्म भरकर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड सहित नजारत में जमा करना होगा नीलामी फार्म रूपये 100/- मूल्य पर नजारत कार्यालय में दिनांक **06.07.2026** प्रातः 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं एवं स्वीकृत शर्तो की जानकारी केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी, इटावा से प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार दुबे–II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज कोर्ट सं0–12,
इटावा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को प्रेषितः–

01. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जजी, इटावा को बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
02. नाजिर कलेक्ट्रेट, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
03. नाजिर विकास भवन, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
05. दस न्यायालय कक्ष भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड हेतु।
06. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0 ओ 0 नम्बर 562/उन्नीस–2–2007–1007(टी0 सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना–पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
07. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन, इटावा–नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
08. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन,इटावा–नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
09. समस्त दुकानदार/ठेकेदारों को सूचनार्थ।

(अशोक कुमार दुबे–II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जिला जज कोर्ट सं0–12,
इटावा।